तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 12.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 17 मार्च 2026

12 लघु सचिवालय के खंडहर हो चुके भवन का होगा निर्माण...



12 देश में एक साथ होगी जनगणना घरों के साथ ...



## खबर संक्षेप

### कुवि में 30वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी आज से

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा विभागीय कला दीर्घा में 30 वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 17 मार्च 2026 को प्रातः 10.30 बजे विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। विभागाध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह ने बताया कि यह 30वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी विभाग की समग्र कला शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। फाइन आर्ट्स विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर एवं संयोजक डॉ. मोनिका गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों और शोधार्थियों की 300 से अधिक उत्कृष्ट कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी।

### चौकीदार पर बिजली की तारें चोरी करने का आरोप

**यमुनानगर।** जगाधरी हुड्डा सेक्टर-17 निवासी एक व्यक्ति ने चौकीदार पर घर से बिजली की तारें चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। हुड्डा सेक्टर-17 निवासी गौरव गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सागर को घर पर चौकीदार रखा हुआ है। 15 मार्च को नौ बजे उसे घर से बिजली की तारें गायब मिली। जब उसने अपने स्तर पर जांच किया तो पता चला कि यह बिजली की तारें चौकीदार सागर ने चोरी की है। आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### घर से चुराए लाखों रुपये की बिजली के तार

**यमुनानगर।** शहर के कैंप स्थित गुलाब नगर निवासी संजीव कुमार ने बताया कि वह शहर की गोल्डन पुरी में मकान बना रहा है। 14 मार्च को वह काम खत्म करवा कर घर चला गया था। अगले दिन जब वह वापस आया तो वहां से बिजली के तारों के बंडल गायब मिले। जांच करने पर मौके से 25 बंडल तार तथा एक की कॉपर की पाइप गायब मिली। जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कार चालक ने महिला को रौंदा, पीजीआई में भर्ती

**अंबाला।** अंबाला छावनी के शास्त्री नगर में एक महिला को बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। यह हादसा शनिवार रात को उस समय हुआ जब महिला अपने पति और बेटे के साथ मॉल में खरीदारी करने जा रही थी। महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पीजीआई में भर्ती कराया गया है। सौरभ आनंद ने पुलिस को बताया कि रात पिता विनोद आनंद और माता अनीता आनंद के साथ वी-2 मॉल जा रहे थे। पिता सड़क पार कर चुके थे और वह खुद डिवाइडर पर खड़ा था। उसकी माता अनीता आनंद सड़क पार करने के लिए किनारे पर खड़ी थीं। तभी ब्रह्माकुमारी चौक की लालबत्ती की तरफ से तेज रफ्तार में आई कार ने अनीता आनंद को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनीता आनंद सड़क पर काफी दूर जा गिरीं।

### मोबाइल स्नेचिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने पट्टीकल्याणा के पास गुलशन ढाबा के नजदीक साइकिल सवार श्रमिक से मोबाइल स्नेचिंग करने के आरोपी को रविवार शाम को टोल प्लाजा के पास सेक्टर 18 ग्रीन बेल्ट सडक़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सोनीपत के रसूलपुर गांव निवासी विरेंद्र के रूप में हुई है। पूछताछ पर आरोपी ने गांव निवासी अपने एक दोस्त के साथ 22 फरवरी को बाइक पर सवार होकर पट्टीकल्याणा के पास गुलशन ढाबा के नजदीक साइकिल सवार एक युवक से मोबाइल स्नेचिंग करना स्वीकार कर लिया है।

## यमुनानगर में बारिश और आंधी तूफान के दौरान शिव कॉलोनी में बड़ा हादसा टला

# हाई वोल्टेज तार रेलवे लाइन पर गिरी, कई ट्रेनें प्रभावित

### तार गिरते ही तेज धमाके की आवाज हुई और पूरे इलाके की बिजली गुल हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर में रविवार देर रात तेज बारिश और आंधी तूफान के दौरान शहर के शिव कॉलोनी इलाके में बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज हवाओं के कारण हाई वोल्टेज बिजली लाइन टूटकर रेलवे लाइन के ऊपर से गुजर रही तारों पर आ गिरी। तार गिरते ही तेज धमाके की आवाज हुई और पूरे इलाके की बिजली गुल हो गई। इसके साथ ही आसपास घरों में बिजली मीटर व उपकरण जल गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही पुलिस, बिजली निगम व रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे। हाई वोल्टेज बिजली का तार पास से गुजर रही रेलवे लाइन के ऊपर लटक रही थी। यदि उसी समय कोई ट्रेन वहां से गुजर जाती तो बड़ा रेल हादसा हो सकता था। स्थिति को गंभीर देखते हुए तुरंत स्टेशन पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही स्टेशन मास्टर ने एहतियात के तौर पर ट्रेनों को रुकवा दिया। जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। क्षेत्र के पार्षद दीक्षित ने बताया कि रात करीब साढ़े 11 बजे तेज धमाके के साथ हाई वोल्टेज तार नीचे गिरा। इसके बाद करीब डेढ़ बजे तक इस रूट से कोई भी ट्रेन नहीं गुजरी।



**यमुनानगर।** शिव कॉलोनी में हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

### ट्रेन लेट होने से यात्रियों को हुई परेशानी

हादसे के बाद ट्रेन व्यवस्था बाधित रहा। जिस कारण रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्रियों को परेशानी हुई। रेलवे स्टेशन पर यात्री प्रेम सिंह ने बताया कि उन्हें परिवार के साथ मथुरा जाना था और उनकी करीब पौने 11 बजे की ट्रेन थी। उन्हें छत्तीसगढ़ की ट्रेन पकड़नी थी। लेकिन ट्रेन लेट होने की कोई सूचना स्टेशन पर नहीं दी गई। आधी रात हो जाने के कारण वह वापस घर भी नहीं जा सके और स्टेशन पर ही इंतजार करना पड़ा। इसी तरह रंजीत ने बताया कि उन्हें वृंदावन जाना था लेकिन ट्रेन न आने के कारण काफी परेशानी हुई। बाद में उन्होंने वेटिंग एरिया में बैठकर ट्रेन का इंतजार किया।

### आंधी में गिरे पेड़, यातायात बाधित

**कुरुक्षेत्र।** मौसम का मिजाज रविवार देर रात बदल गया और तेज आंधी के साथ ही जोरदार बारिश हुई। देर रात करीब दो घंटे तक बारिश हुई। तेज आंधी के चलते जिला में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। जिनको दिन काफी मशक्कत के बाद हटाया गया। ग्रामीण इलाकों में पेड़ बिजली की लाइन पर ही गिर गए। जिसके चलते बिजली आपूर्ति घंटों तक बाधित रही। इसके अलावा तेज आंधी चलने से शहर में भी घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। उधर, तेज आंधी और बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत भी मिली है। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ गिर गए तो कई लाइनों पर बिजली के पोल गिर गए। पेड़ व पोल गिरने के कारण बिजली की सप्लाई भी बंद हो गई। बिजली की सप्लाई बंद किए जाने के कारण क्षेत्र में घंटों तक ब्लैक आउट रहा। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल भी जमीन पर बिछ गई।



**कुरुक्षेत्र।** आंधी के कारण सड़क पर गिरा पड़ा पेड़।

### कुरुक्षेत्र: गड्ढे में गिरने से बची हरियाणा रोडवेज बस

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में पटियाला रोड पर हरियाणा रोडवेज की बस बोधनी गांव के पास निमार्णाधीन पुलिया के पास फंस गई। बस सड़क किनारे और खदान के बीच फंसने के बाद आगे नहीं बढ़ पाई। गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि पुलिया के पास ही गड्ढे में बड़े-बड़े सरिए खड़े थे। इस बस में 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। रोडवेज की यह बस कुरुक्षेत्र के पिहोवा सब डिपो की थी, जो पंजाब के पटियाला से पिहोवा के बस स्टैंड के लिए चली थी। बस फंसने के बाद सवारियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य की ओर भेजा गया। बाद में बस को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। कंडक्टर रविंद्र कुमार ने बताया कि ड्राइवर ने बस को धीमी स्पीड में कंट्रोल करने की कोशिश की, लेकिन आगे का टायर नरम मिट्टी में धंस गया। सड़क काफी तंग है और पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है। आसपास कुछ ताजी मिट्टी डाली गई थी, जिसकी वजह से टायर नीचे चला गया। करीब 7 महीने से सड़क पर पुलिया बनाने का काम चल रहा है। कंडक्टर ने बताया कि रास्ता काफी तंग है। ये बात गलत है कि ड्राइवर से ओवरटेक करते हुए यहां बस फंस गई। यहां से ओवरटेक करना मुश्किल है। ड्राइवर ठीक-ठाक स्पीड से बस चला रहा था और उसने किसी व्हीकल को ओवरटेक नहीं किया। रविंद्र ने बताया कि बस के ब्रेक या स्टेयरिंग फेल होने की आशंका है।

■ रोडवेज की बस बोधनी के पास निमार्णाधीन पुलिया के पास फंस गई




**कुरुक्षेत्र।** बोधनी गांव के पास निमार्णाधीन पुलिया के पास फंसी रोडवेज बस।

## एजेंट पर 4.90 लाख की ठगी का आरोप

# रूस में युवक को नौकरी की बजाय जेल में यातनाएं

### सींचेवाल की वजह से मिली रिहाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

एक ठग एजेंट ने युवक को विदेश के सुनहरे सपने और लाखों रुपये के वेतन देने का लालच देकर ठग लिया। एजेंट ने युवक को रूस भेजा, जहां नौकरी के बजाय जेल और यातना का सामना करना पड़ा। 25 साल के दीपक को 4.90 लाख रुपये मासिक वेतन का वादा किया गया था लेकिन मॉस्को पहुंचने के बाद उसकी जिंदगी भयावह मोड़ पर आ गई। युवक अप्रैल 2025 में विदेश गया था। वह पिछले सप्ताह ही लौटा है। दीपक के अनुसार दिल्ली से मॉस्को की 6 घंटे की यात्रा को एजेंट ने कई देशों से घुमाते हुए 6 दिनों में पूरा करवाया। मॉस्को पहुंचने पर उसे एक कंपनी में काम पर लगाया गया। एक महीने बाद जब उसने वेतन मांगा, तो पैसे देने के बजाय नौकरी से निकाल दिया गया। बाद में उसे 500 किमी. दूर एक अन्य कंपनी में भेजा गया। वहां भी एक महीने काम करने के बाद उसे 90 हजार रुपये की जगह केवल 5 हजार रुपये ही दिए गए। इस स्थिति में उसके लिए खाने और कमरे का किराया चुकाना भी मुश्किल हो गया।

किराया न दे पाने पर मकान मालिक ने उसका पासपोर्ट छीन लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। तीन दिन बाद दीपक को इमिग्रेशन जेल भेज दिया गया, जहां विभिन्न देशों के कैदी बंद थे। सोमवार को युवक ने संत सीचेवाल से मुलाकात की। दीपक ने दावा किया कि इस जेल में लगभग 150 भारतीय युवक भी थे, जिनमें से अधिकांश पंजाब और हरियाणा के थे। संत सीचेवाल के प्रयासों से दीपक को रूस से वापस भारत लाया जा सका।

### केयू के डॉ. अमित कुमार डीसीआरयूएसटी मुरथल के कुलसचिव बने

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा लोक भवन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत प्रो. अमित कुमार को दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (डीसीआरयूएसटी), मुरथल (सोनीपत) का कुलसचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार हरियाणा के राज्यपाल एवं डीसीआरयूएसटी के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने हरियाणा सरकार की अनुशंसा पर दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मुरथल अधिनियम, 2006 की धारा 11(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह नियुक्ति की है। डॉ. अमित कुमार ने इस नियुक्ति के लिए हरियाणा के राज्यपाल व कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष तथा हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।



डॉ. अमित कुमार।

### पानीपत में एक ही रात में दो दुकानों में चोरी से दुकानदारों में दहशत

**पानीपत।** शहर के पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में दो अलग-अलग स्थानों पर दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने इंडस्ट्रियल एरिया और असंध रोड स्थित दुकानों के ताले तोड़कर करीब 80 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दोनों ही मामलों में गल्ले व लॉकर में रखी नकदी लेकर फरार हो गए। पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने दोनों स्थानों पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास की दुकानों और सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। सेक्टर 25 इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मकान नंबर 65 के पास करियाना स्टोर चलाने वाले अमित ने बताया कि दुकान को निशाना बनाया। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि चोर दुकान का ताला तोडक़र अंदर घुसे और गल्ले में रखे 50 से 60 हजार रुपये लेकर रफू चक्कर हो गए।

## एजेंसी से स्कूटी चोरी करने का आरोपी सेल्स एजेंट गिरफ्तार

### चोरीशुदा 9 स्कूटी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात को सुलझाते हुए एजेंसी से स्कूटी चोरी करने के आरोपी सेल्स एजेंट को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 टीम ने स्कूटी चोरी करने के आरोपी सेल्स एजेंट हरमनप्रीत सिंह वासी मोहन नगर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर चोरीशुदा 9 बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 14 मार्च को पुलिस को दी अपनी शिकायत में विवेक कुमार वासी मोहननगर कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह हर्ष होंडा एजेंसी 100 फूटा रोड कुरुक्षेत्र पर मैनेजर है। 13 मार्च को वह अपनी एजेंसी में दोपहिया वाहनों को चैक कर रहा था। उसे स्टॉक में से कुछ हौंडा एक्टिवा गायब मिली। जिनको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। उसे शक है कि उनके ही किसी वर्कर ने स्कूटी चोरी की हैं। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंपी गई। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन के दिशा-निर्देश में टीम ने एजेंसी से स्कूटी चोरी करने के आरोपी सेल्स एजेंट हरमनप्रीत सिंह वासी मोहन नगर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार केर लिया। आरोपी 5 माह से एजेंसी में सेल्स एजेंट के रूप काम कर रहा था। आरोपी से चोरीशुदा 9 स्कूटी बरामद की गई।



### पेट्रोल, डीजल व एलपीजी की प्रदेश में कमी नहीं

**यमुनानगर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी की कोई कमी नहीं आने दी जा रही है। प्रदेश में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी का पर्याप्त भंडार है। प्रदेश के नागरिकों को इसे लेकर घबराने की जरुरत नहीं है। उक्त शब्द भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अंबाला लोकसभा क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी रही बंतो कटारिया ने सोमवार को शहर में बातचीत करते हुए कहे। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के वरिष्ट अधिकारियों के साथ बैठक कर मिडिल ईस्ट में उत्पन्न युद्ध परिस्थितियों के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति बाधित होने संबंधी फैल रही अफवाहों की स्तिथि पर नजर रखी जा रही है।



बंतो कटारिया

## यमुनानगर के गांव महमूदपुर के पास हुआ हादसा

# कार ने दंपति को मारी टक्कर पत्नी की मौत, पति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

साढौरा थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर के पास तेज रफ्तार कार ने दंपत्ति को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव महमूदपुर निवासी रवि कुमार ने साढौरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 15 मार्च को शाम साढ़े पांच बजे अपनी पत्नी 34 वर्षीय मीनू देवी के साथ किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव के बाहर सड़क पर पहुंचे तो तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी पत्नी मीनू देवी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।




### दो बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

गांव ललहाड़ी कलां निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में सीमेंट और हार्डवेयर की दुकान चलाता है। 13 मार्च को वह साथी दीपक के साथ बाइक पर व्यासपुर किसी काम से गया था। जब वह गांव मलिकपुर बांगर के पास सोम नदी के पुल के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे बाइक चालक बलजीत सिंह की बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बलजीत सिंह सड़क किनारे गिर पड़ा। हादसे में शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। भतीजे को पंजाब के निजी अस्पाल में लेकर गए। जहां इलाज के दौरान देर शाम बलजीत की मौत हो गई।

## आयुष विश्वविद्यालय में नेशनल सेमिनार, देशभर से 345 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

# औषधियों के दुष्प्रभाव को नजरअंदाज न करके पूरी जानकारी के साथ करें रिपोर्ट : प्रो. धीमान

### *औषधि कब और कितनी मात्रा में लेनी है, ध्यान देना जरूरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि ऐसा नहीं है कि आयुर्वेदिक औषधियों के दुष्प्रभाव नहीं होते, बल्कि हमने इस विषय पर गंभीरता से कभी ध्यान ही नहीं दिया और रिपोर्ट करने की आदत भी विकसित नहीं कर पाए। यदि किसी औषधि से किसी मरीज को कोई दुष्प्रभाव होता है तो उसके पीछे के कारणों को समझना और उसकी सही रिपोर्टिंग करना बेहद आवश्यक है। वे सोमवार को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयुर्वेद, सिद्ध, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सकों में फामार्कोविजिलेंस के प्रति जागरूकता विषय पर आयोजित नेशनल सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले भगवान धन्वंतरि जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एनसीआइएसएम) के आयुर्वेद बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अल्लमप्रभु गुड्डा ने शिरकत की।



**कुरुक्षेत्र।** सेमिनार का शुभारंभ करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### औषधि की पहचान और मूल्यांकन महत्वपूर्ण

पहले सत्र में रिसोर्स पर्सन डॉ. तरुण शर्मा ने कहा कि आयुर्वेदिक औषधियों को सामान्यतः सुरक्षित माना जाता है, लेकिन इनके उपयोग के प्रति जागरूकता होना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी औषधि की सही पहचान, मूल्यांकन, वैज्ञानिक समझ, उचित दस्तावेजीकरण और रोकथाम की प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण है। यदि हम औषधियों को गंभीरता से नहीं लेंगे तो उनके दुष्परिणाम सामने आना स्वाभाविक है।

### ये रहे उपस्थित

सेमिनार में आयुष विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणधीर सिंह, प्रो. दीप्ति पराशर, प्रोक्टर प्रो. सतीश वत्स, प्रो. जितेश कुमार पंडा, सेमिनार डॉ. सतबीर चावला, प्रो. सीमा रानी, प्रो. आशु, प्रो. रवि राज, प्रो. विदुषी त्यागी, प्रो. रविंद्र अरोड़ा, प्रो. अमित कटारिया, प्रो. शीतल सिंगला, प्रो.सुनीति तंवर, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. आशीष नांदल, डॉ. नेहा लांबा, डॉ. मनीषा खत्री समेत संस्थान के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### कई वैद्यों ने शोध-पत्र भी प्रस्तुत किए

जबकि रिसोर्स पर्सन के रूप में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), जयपुर के सहायक प्रोफेसर एवं आईपीवीसी के कोऑर्डिनेटर डॉ. तरुण शर्मा तथा एनपीवीसी के कोऑर्डिनेटर डॉ. बिधान महाजन ने फामार्कोविजिलेंस विषय पर अपना व्याख्यान दिया। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने विश्वविद्यालय पहुंचने पर सभी का आभार जताया। सेमिनार में हरियाणा, पंजाब, यूपी समेत विभिन्न राज्यों से 345 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यही नहीं, सेमिनार में डॉ. सुनील गोदारा, डॉ. पीयूष चौधरी समेत कई वैद्यों ने अपने शोध-पत्र भी प्रस्तुत किए।

# 5.914 किग्रा. अफीम के साथ तीन महिलाएं व युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने जगाधरी खारवन रोड से तीन महिलाओं व एक युवक को काबू कर उनके कब्जे से पांच किलो 914 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपियों से बरामद अफीम की कीमत बाजार में करीब 36 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़ी गई तीन महिलाओं में से दो महिलाएं बिहार से अफीम यमुनानगर में सप्लाई करती थी। यहां वह अफीम को अपनी साथी महिला व युवक को सौंपती थी।

पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। डीएसपी राजीव मिगलानी ने बताया कि सेल के इंचार्ज अनिल कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि खारवन रोड पर दो महिलाएं नशीले पदार्थों के साथ घूम रही है। इस सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रही दोनों महिलाओं को गिरफ्तार किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ वीरेंद्र कुमार को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़ी गई दोनों महिलाओं की तलाश ली गई तो उनके पास से पांच किलो 914 ग्राम अफीम बरामद हुई। जिसकी बाजार में कीमत करीब 36 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी महिलाओं की पहचान बिहार के जिला मोतिहारी के गांव इजरानवादा निवासी नाजरा खातून व तूफान के नाम से हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी।

## खबर संक्षेप

### संदीप सैनी बने बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष



**रादौर।** राष्टीय बजरंग सेना हरियाणा के तत्वावधान में समाजसेवी संदीप सैनी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्टीय बजरंग सेना राष्टीय अध्यक्ष अनिल शर्मा ने सर्वसम्मति से संदीप सैनी को नियुक्ति पत्र सौंपकर पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि संगठन की ओर से उनको जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, वह उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभायेंगे। वह अधिक से अधिक लोगों को संगठन के साथ जोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्त के लिए संगठन के पदाधिकारियों का हार्दिक आभार प्रकट किया।

### गांव डमौली में 27 से शुरू होगी श्री राम कथा

**यमुनानगर।** गांव डमौली में 27 मार्च से सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। श्री राम कथा शुरू होने से पहले गांव में कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भारी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी। कथा वाचक पंडित कमल शर्मा ने बताया कि कथा चार अप्रैल तक चलेगी। कथा का आयोजन गांव डमौली के शिव मंदिर में प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि कथा शुरू होने से पहले 27 मार्च को गांव में खेड़ा मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि कथा की समाप्ति पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को कथा में बढ़चढ़ भाग लेने का आह्वान किया।

### शिविर में एकत्रित हुआ 35 यूनिट रक्त

**यमुनानगर।** मिशन रक्तक्रांति हिंदुस्तान अभियान (घर घर रक्तदाता) के तहत संत शिरोमणि रविदास मंदिर रसूलपुर में थैलेसीमिया बच्चों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने भाग लिया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा रक्तदाताओं से थैलेसीमिया बच्चों के लिए 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुख्यातिथि एवं जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने कहा कि रक्तदान वास्तव में एक वीरतापूर्ण कार्य है। जिसे अक्सर जीवनदान कहा जाता है।

### यूजीसी व महाराणा प्रताप जयंती पर बैठक 19 को

**पानीपत।** अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री के प्रधान सचिव रहे सतपाल राणा ने कहा है कि 19 मार्च को राजपूत धर्मशाला सेक्टर 6 पानीपत में हरियाणा से राजपूत समाज के लोग इक_I होंगे और उसमें यूजीसी काला कानून और वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती प्रदेश में कहां पर मनाई जाएगी के बारे में विचार विमर्श करेंगे। राणा ने कहा है कि यूजीसी का काला कानून जो कि केंद्र सरकार लेकर के आई है। इसका पूरे हरियाणा में बहिष्कार किया जाएगा और इस प्रदेश क्षत्रिय सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी की सत्ता में बैठे लोगों को नहीं बुलाया जाएगा।

### किसानों जताई खेतों में फसल बिछने से भारी नुकसान होने की संभावना

# तेज हवा और बारिश से गेहूं व सरसों की फसल पर टूटा प्रकृति का कहर

**बारिश और तेज हवा से अधिकांश खेतों में नीचे बिछी गेहूं व सरसों की फसल, पैदावार कम होने की आशंका, किसानों को होगा नुकसान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

बेमौसमी बारिश और तेज हवाओं ने खेतों में खड़ी गेहूं व सरसों की फसल में कहर बरपा दिया। बीती रात तेज हवा के साथ हुई बारिश से किसानों के खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं व सरसों की फसल नीचे बिछ गई। जिससे किसानों को भारी नुक्सान होने की संभावना बन गई। वहीं, तेज हवा के साथ हुई बारिश से मौसम में ठंडक बन गई और तापमान में कमी दर्ज की गई। इस बारिश का असर प्रदेश के सभी जिलों में देखने को मिला है। अधिकतर जिलों में सरसों की फसल पककर तैयार हो चुकी है। इस बारिश ने सरसों व गेहूं दोनों फसलों को भारी नुकसान पहुंचाने का काम किया है। बारिश के साथ तेज हवा चलने के कारण खेतों में दोनों फसले जमीन पर बिछ गई है। जिससे किसानों को कटाई के समय अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। किसानों ने इस नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार से मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है कि प्रदेश सरकार खराब फसलों का मुआवजा प्रदान करें।



यमुनानगर। बीती रात तेज हवा के साथ हुई बारिश से खेतों में बिछी हुई गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

#### फसल की कटाई पर करना पड़ेगा अधिक खर्च

किसान सुखदेव सिंह, मोहन लाल, प्रीतम सिंह, बलबीर सिंह व महेंद्र सिंह आदि ने बताया कि बारिश और तेज हवा के कारण खेतों में बिछी गेहूं व सरसों की फसल की कटाई करवाने के लिए अधिक खर्च करना पड़ेगा। क्योंकि खेतों में बिछी गेहूं की फसल को कंबाइन नहीं काट सकती है। जिसे मजदूरों से कटवाना पड़ेगा और मजदूरी दोगुना से अधिक देनी होगी। वहीं, पैदावार भी कम निकलने की संभावना बन गई है। किसानों का कहना है कि बेमौसम की बारिश ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। यदि मौसम इसी तरह बिगड़ा रहा तो खड़ी फसल पूरी तरह खराब भी हो सकती है।

#### फसल का सरकार किसानों को दे मुआवजा

भारतीय किसान संघ के प्रांतीय महासचिव रामबीर सिंह चौहान व भाकियू के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने हरियाणा सरकार से खेतों में बिछी गेहूं और सरसों की फसल की गिरदावरी करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने गेहूं की फसल पर प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस दिए जाने की मांग की है। बारिश व तेज हवा के कारण फसल बिछने के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ है।

#### जमीन पर बिछी खेतों में खड़ी फसलें

जिले में बीती रात दस बजे के करीब अचानक आसमान में घन घोर बादल छा गए और बिजली कड़कने लगी। इसके बाद तेज हवा के साथ बारिश शुरु हो गई। हवा इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर पेड़ गिर गए और अधिकांश खेतों में खड़ी गेहूं व सरसों की फसल नीचे जमीन पर बिछ गई। वहीं, तेज हवा के साथ बारिश होने से कई स्थानों पर रात भर बिजली गुल रही। सोमवार को सुबह आठ नौ बजे के करीब बिजली सप्लाई सुचारू हुई। बिजली सप्लाई बाधित हाने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह बिजली आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## गांवों में सामुदायिक भवनों का निर्माण जरूरी: मिंटू



यमुनानगर। अंबेडकर भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए अतिथि।

■ गांव गुलाबगढ़ में अंबेडकर भवन के निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिले के प्रतापनगर खंड के गांव गुलाबगढ़ में लाखों रुपये की लागत से बनने वाले अंबेडकर भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सरपंच एसोसिएशन प्रतापनगर के प्रधान विजय कुमार मिंटू ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

सरपंच एसोसिएशन प्रतापनगर के प्रधान विजय कुमार मिंटू ने कहा कि अंबेडकर भवन का निर्माण गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक तथा धार्मिक कार्यक्रमों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि इस भवन के निर्माण पर लगभग 16 लाख रुपये की लागत आएगी और इसके पूर्ण होने के बाद गांव के लोगों को विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। एसोसिएशन के प्रधान विजय कुमार मिंटू ने कहा कि गांवों के विकास के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। ऐसे भवन गांव के लोगों को एक मंच प्रदान करते हैं। जहां सामाजिक मेलजोल बढ़ता है और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सुचारू रूप से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर भवन बनने से ग्रामीणों को शादी विवाह, सामाजिक बैठकों, धार्मिक आयोजनों तथा अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में काफी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे गांव के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। उन्होंने आशा जताई कि भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा।

## एसटीएफ ने हत्यारों समेत चार बदमाशों को पकड़ा

■ आरोपियों से बरामद हुई दो पिस्टल और मैगजीन समेत 19 राउंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) अंबाला की टीम ने यमुनानगर के थाना छप्पर क्षेत्र में संगम ढाबा के पास से कार में सवार चार बदमाशों को हथियारों सहित काबू किया है। इन बदमाशों के पास से दो पिस्टल मैगजीन सहित व 19 राउंड बरामद हुए हैं। बताया गया है कि बदमाशों द्वारा किसी के कहने पर यमुनानगर में किसी कारोबारी की हत्या करनी थी। लेकिन उससे पहले ही इन्हें दबोच लिया गया। थाना छप्पर में इन बदमाशों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को मंगलवार पुलिस अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने का प्रयास करेगी। जानकारी के मुताबिक एसटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि आइ-20 कार में चार बदमाश घूम रहे हैं। वह एक गैंग से जुड़े हैं और हत्या की योजना बना रहे हैं। यह बदमाश दोसड़का से यमुनानगर की ओर कार में आएंगे। इस सूचना पर टीम ने थाना छप्पर के पास घेराबंदी की। इन बदमाशों की पहचान विशाल कालोनी यमुनानगर निवासी राहुल, फतेहगढ़ निवासी विशाल सैनी, खुर्दबन निवासी विनोद व शुभम के रूप में हुई है।

#### खंगाला जा रहा रिकार्ड

चारों बदमाशों का अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। एसटीएफ के पीएसआइ सौरव रावत ने बताया कि रिकार्ड के बाद ही पता लग सकेगा कि बदमाशों पर पूर्व में अपराधिक मामले दर्ज हैं या नहीं। अभी तक की जांच में यही सामने आया है कि इन चारों को किसी कारोबारी की हत्या करनी थी। इसके लिए गैंग ने उन्हें कहा था। अभी तफ्तीश की जा रही है।

### गरीब परिवारों की 10 कन्याओं का करवाया विवाह

**रादौर।** भारत विकास परिषद शाखा के तत्वावधान में रादौर के रॉयल गार्डन पैलेस मे जरुरतमंद परिवारों की कन्याओं के लिए 24वें सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंद परिवारों की 10 कन्याओं का विवाह करवाया गया। शादी समारोह को लेकर सुबह सभी कन्याओं को शाखा की महिला सदस्यों द्वारा तैयार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर उपस्थित विभूतियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वन्देमातरम के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा उत्तर प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मालिक ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री के बेटे नेपाल राणा ने भाग लिया। मुख्यातिथि नेपाल राणा समेत अन्य अतिथियों ने परिणयसूत्र में बंधे नव विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद दिया। उन्होंने भारत विकास परिषद शाखा रादौर के सदस्यों की इस नेक कार्य के करने के लिए सराहना की। मौके पर परिषद की शाखा महिला अध्यक्ष अनिता पुजारा ने बताया कि सुबह के वक्त सभी कन्याओं को तैयार किया गया। इसके बाद सभी बारातों का स्वागत किया गया। बारातों के स्वागत के बाद वर वधुओं के विधि विधान से फेरे करवाए गए। उन्होंने बताया कि परिषद की ओर से विदाई के समय कन्याओं को दहेज का जरुरी सामान भेंटकर विदा किया गया। अब तक शाखा रादौर द्वारा 275 जरुरतमंद परिवारों की कन्याओं का विवाह करवाया जा चुका है। इस अवसर पर सविता गुप्ता, रस्मीन कौर, नीलम सचदेवा, नीलम कांबोज, रानी आहूजा, नेहा सैनी, उर्मिल सैनी, प्रवेश कांबोज, कमल चोपड़ा, मधु गुप्ता आदि रहे।



## युवा मानसिक तनाव दूर करने के लिए जीवन में अपनाएं नियमित योग: सैनी

■ जिला सचिवालय में आयोजित हुआ समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी।

जिला सचिवालय में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार के साथ-साथ जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। इसी कड़ी में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के मुद्दों को लेकर जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिला के विभिन्न गांवों में लोगों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए शिविरों का आयोजन किया जाता है।

समाधान शिविर में शिवपुरी निवासी अरुण कुमार ने बीपीएल राशन कार्ड पुन बनवाने बारे, रणजीत कॉलोनी कैम्प निवासी सुनीता ने विधवा पेंशन लगवाने बारे, यमुनानगर निवासी जगदीश कौर ने प्रॉपटी आईडी में लोकेशन ठीक करवाने बारे, प्रोफेसर कॉलोनी निवासी विश्वास ने नाली ठीक करवाने जैसी समस्याएं आई है, जिस पर समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सिंह ने समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार सैनी ने बताया कि मानसिक तनाव को दूर करने के लिए हमें योग को अपनाना होगा। यदि हम मानसिक तौर पर स्वस्थ होंगे तो हमें अपने प्रतिदिन के कार्यों को करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।



यमुनानगर। शिविर समापन पर कंवरपाल गुर्जर का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### कार्यकर्ता बूथस्तर पर अभेद्य बनाने का करें प्रयास: गुर्जर

**यमुनानगर।** भाजपा द्वारा जगाधरी में आयोजित किए जा रहे मंडलस्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर के समापन पर मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने भाग लिया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर का जोरदार स्वागत किया। मुख्यातिथि एवं पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की कार्यपद्धति, राष्टवाद और एकात्म मानववाद जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निशचल चौधरी, मंडल महामंत्री संदीप राय ,मंडल महामंत्री पूनम अग्रवाल, भाजपा नेता रिंकू धीमान,जिला कोषाध्यक्ष जगदीश विद्यार्थी,चेयरमैन विपुल गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम मित्तल, जिला सचिव प्रभा सागर, प्रद्युम्न सिंह लाड्डी, पार्षद रीना रस्तोगी आदि रहे।

## सुरक्षित नल से पेयजल व जल संरक्षण पर ग्रामीणों को किया जागरूक

■ फतेहपुर में जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों के लिए हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के तत्वावधान में चल रहे जल महोत्सव के दौरान सोमवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं वासो के सौजन्य से ग्राम पंचायत फतेहपुर में जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समिति सदस्यों को जल संरक्षण के बारे जागरूक किया गया। मौके पर जल वितरण प्रणाली के रखरखाव से संबंधित ग्राम जल एवं सीवरेज समिति संचालन पुस्तिका भी भेंट की गई।



यमुनानगर। सरपंच को पुस्तिका भेंट करती जिला सलाहकार रजनी गोयल।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अरविंद कुमार ने की। जिसमें विभाग की जिला सलाहकार रजनी गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने गांवों में सुरक्षित नल से पेयजल, ग्रे वॉटर प्रबंधन और जल संरक्षण के महत्व को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना समिति की प्रमुख जिम्मेदारी है। इस मौके पर बीआरसी अशोक कुमार, आशा वर्कर जवनत्री देवी, आंगनवाड़ी वर्कर सुषमा रानी, सुदेश रानी, सफाई कर्मचारी दया रानी, चौकीदार बृजलाल व अन्य मौजूद रहे।

### शिविर में स्वयंसेवकों को सकारात्मक ऊर्जा का करवाया संचार




रादौर। कॉलेज में आयोजित शिविर में भाग लेते विद्यार्थी व गणमान्य लोग।

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में एनएसएस शिविर में एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार बारे ज्ञान उपलब्ध करवाया। शिविर के छठे दिन प्रो. पिंकी मुख्य रूप से मौजूद रही। पिंकी ने स्वयंसेवकों को 5 मिनट का ध्यान करवा कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करवाया। इसके पश्चात प्रो. नवीन भारद्वाज, एनएसएस अधिकारी ने एनएसएस के चार प्रमुख स्तंभ अनुशासनए, आदर्श वाक्य एनएसएस कैलप गीत के माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन व सेवा भावना को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महक सैनी, हरियाणा इंस्टीट्यूट आफ रूरल डेवलपमेंटए नीलोखेड़ी से उपस्थित रही। उन्होंने स्वयंसेवकों को पढ़ाई के साथ-साथ साइट हसल अपनाने, कौशल विकास, भविष्य की योजना बनाने व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कृषि विभाग से आए सुरेंद्र जांगड़ा, कृषि अधिकारी ने स्वयंसेवकों को विभिन्न कृषि योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## विद्यार्थियों को पांच प्रकार के कचरे के लिए डस्टबिन की जानकारी प्रदान की

■ शहर के स्वच्छ व साफ रखने की विद्यार्थियों व स्टाफ ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

नगर निगम व स्नेह सेवा ट्रस्ट तत्वावधान में स्वच्छता तथा स्वच्छता हीरोज ऐप को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम गुरु नानक खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। नगर निगम की सोशल मीडिया सेल इंचार्ज मुक्ता व स्नेह सेवा ट्रस्ट की संचालिका ममता सेन भी विशिष्ट अतिथि मौजूद रही। मौके पर विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने अपने शहर को साफ और स्वच्छ बनाने तथा स्वच्छता हीरोज ऐप डाउनलोड करने की शपथ ली। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया और सूखा व गीला कचरा सहित पांच प्रकार के कचरे के लिए अलग.अलग डस्टबिन के उपयोग की जानकारी दी।



यमुनानगर। शहर को स्वच्छ बनाने की शपथ लेते विद्यार्थी व अन्य।

### श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सुनाया श्रीकृष्ण का जन्म प्रसंग

## अधर्म का नाश करने के लिए अवतार लेते हैं भगवान: मृदुल

**रामपुरा कालोनी स्थित हनुमान मंदिर में कथाव्यास ने श्रीकृष्ण के संस्कारों से सीख लेने की बात की**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कालोनी यमुनानगर में आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कथाव्यास आचार्य चैतन्य मृदुल महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण का जन्म प्रसंग सुनाकर भाव विभोर कर दिया।



यमुनानगर। कथा करते कथाव्यास आचार्य चैतन्य मृदुल महाराज।

उन्होंने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र से उनके संस्कारों की सीख लेने की बात कही। कथाव्यास आचार्य चैतन्य मृदुल महाराज ने फरमाया कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं।उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे। श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से मृदुल महाराज ने पहले धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ा है। तब तब प्रभु का अवतार हुआ है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब धरा पर मथुरा के राजा कंस के अत्याचार अत्यधिक बढ़ गए। तब धरती की करुण पुकार सुनकर श्री हरि विष्णु ने देवकी माता के अष्टम पुत्र के रूप में भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया। इसी प्रकार त्रेता युग में लंकापति रावण के अत्याचारों से जब धरा डोलने लगी तब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने जन्म लिया।

#### भगवान द्वारा बताए मार्ग पर चलें

कथाव्यास आचार्य चैतन्य मृदुल महाराज ने कहा कि हमें भगवान द्वारा की गई लीलाओं को नहीं करना चाहिए। बल्कि उन द्वारा बताए गए मार्गो पर चलना चाहिए। उन्होंने उन भजन गायको की भी आलोचना की जो भगवान के नाम को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव ने कभी भी भांग का सेवन नहीं किया लेकिन गलत प्रचार प्रसार कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। मांसाहार का सेवन करने वाले लोगों को उन्होंने महापापी करार देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति किसी जीव का मांस खाता है उसे भगवान कभी माफ नहीं करते और उसे दंडित अवश्य होना पड़ता है।

## खबर संक्षेप



### सांसद जिंदल की ओर से युवाओं को दी क्रिकेट किट

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करने के लिए प्रयासरत हैं। इसी उद्देश्य से आज जिन्दल हाउस कुरुक्षेत्र में स्थानीय युवाओं को क्रिकेट किट प्रदान की गई। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद नवीन जिन्दल हमेशा से ही युवाओं के सर्वांगीण विकास के पक्षधर रहे हैं। उनका मानना है कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं।

### जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 19 को

**कुरुक्षेत्र।** जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 19 मार्च को नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने दी है।

### युवा आपदा मित्रा स्कीम के तहत प्रशिक्षण शिविर कल

**कुरुक्षेत्र।** राजस्व विभाग की तरफ से 18 मार्च से 24 मार्च तक युवा आपदा मित्रा स्कीम के तहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन 18 मार्च को सुबह 11 बजे हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्राम कुमार मीणा होंगे। जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की युवा आपदा मित्रा स्कीम के तहत राज्य सरकार की तरफ से 400 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिविर का उद्घाटन 18 मार्च को हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला में होगा और 19 मार्च से 24 मार्च तक राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजदीक एलएनजेपी अस्पताल में एनएसएस व स्काउट के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### समाधान शिविर में जनता से हो रहा सीधा संवाद : मेहता

**लाडवा।** एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम अनुभव मेहता ने बताया कि समाधान शिविर में प्रदेशवासियों की समस्याओं के निदान हेतु शिविर का आयोजन कर नियमानुसार कार्यवाही की जाती है और समबंधित अधिकारी को भेज कर तुरंत समाधान हेतु भेज दिया जाता है। उन्होंने बताया कि यह शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार और वीरवार को लगाया जाता है। जिसका समय सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजें तक रखा गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति की परिवार पहचान पत्र से सम्बिधित कोई भी समस्या हो जैसे परिवार की आय या किसी का नाम कटवाना या पानी आदि से जुडी कोई भी समस्या हो तो मौके पर मौजूद सम्बिधित अधिकारी को सोंप दिया जाता है।

## एसडीएम अनिल कुमार दून ने किया चैत्र चौदस मेले का शुभारंभ

# हिंदू-सिख एकता का प्रतीक है चैत्र चौदस मेला : अनिल

*पंजाब से पहुंचते है सबसे ज्यादा श्रद्धालु, सुरक्षा के रहे पुख्ता प्रबंध*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

मेला प्रशासक एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून ने कहा कि पिहोवा चैत्र चौदस मेले में देश के कोने कोने से श्रद्धालु पहुंचते है और यह मेला हिन्दू सिख एकता का प्रतीक भी माना जाता है। इस मेले में पंजाब राज्य से सबसे ज्यादा श्रद्धालु पहुंचते है। इस मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। एसडीएम अनिल कुमार दून सोमवार को पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर प्रशासन द्वारा बाल भवन में बनाएं गए चैत्र चौदस मेले के सूचना केन्द्र का उद्घाटन करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले एसडीएम अनिल कुमार दून, डीएसपी निर्मल सिंह, नगरपालिका सचिव अशोक कुमार ने मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत रूप से सूचना केन्द्र का शुभारंभ किया और इसके साथ ही चार दिवसीय चैत्र चौदस मेले का भी आगाज हुआ। उन्होंने कहा कि



पिहोवा। मेले का निरीक्षण करते एसडीएम अनिल कुमार दून।



पिहोवा। पूजा पाठ करवाते श्रद्धालु।

विश्व विख्यात चैत्र चौदस मेले का धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्व है। कुरुक्षेत्र की परीधि में पड़ने वाले तीर्थों में सर्वाधिक महत्व पृथुदक तीर्थ का माना गया है। वामन पुराण के अनुसार वेन के पुत्र पृथु के नाम से इस तीर्थ का नाम पृथुदक हुआ। राजा वेन धर्म से विमुख हो गया था, जिस कारण ऋषियों ने उसे श्राप देकर मार दिया था। फिर उसके शरीर का मंथन किया गया, जिससे भगवान विष्णु के नौवें अंश पृथु पैदा हुए। राजा पृथु ने जिस स्थान पर अपने पितरों को उदक यानी जल दिया, वह स्थान पृथु-उदक यानी पृथुदक नाम से प्रसिद्ध हुआ। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस तीर्थ में स्नान का अति महत्व माना गया है। यहां स्नान करने से सारे पाप नष्ट हो जाते है तथा व्यक्ति को अश्वमेध यज्ञ की फल की प्राप्ति के साथ-साथ स्वर्गलोक भी प्राप्त हो जाता है।

### सीसीटीवी से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही

एसडीएम अनिल कुमार दून ने कहा कि चैत्र-चौदस मेला में विभिन्न राज्यों के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु मेले में आते हैं तथा परंपरागत तरीके से अमावस के समय स्नान करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए मेला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्था की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों द्वारा हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस चैत्र चौदस मेले में सूचना प्रसारण केंद्र स्थापित किया गया है जिसके माध्यम से मेले में गुम हुए लोगों को मिलाने का प्रयास किया जाएगा। न्होंने कहा कि पुराणों के अनुसार पांडवों के बड़े भाई युधिष्ठिर ने महाभारत के युद्ध में मारे गए अपने सगे संबंधियों का यहीं पर पिंड दान करवाया था। भगवान श्रीकृष्ण और शिव ने भी यहां सरस्वती तीर्थ में स्नान किया। श्री गुरु नानक देव जी और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी भी यहां पधारे थे। महाराजा रणजीत सिंह इसी पावन तीर्थ पर अपनी माता का पिंडदान करवाने आए थे। इस पावन तीर्थ पर पूरा वर्ष श्रद्धालु पिंडदान व स्नान करने के लिए आते रहते हैं, लेकिन चैत्र चौदस को यहां स्नान करने का विशेष महत्व है। इस मौके पर डीएसपी निर्मल सिंह, उमाकांत शास्त्री, अधीक्षक हाकम सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## पालकी पर आएंगी मां दुर्गा

# सर्वार्थ सिद्धि योग में 19 मार्च से चैत्र नवरात्र : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नव संवत्सर की शुरूआत के साथ 19 मार्च से चैत्र नवरात्र का महापर्व आरंभ होगा। इस बार नवरात्र कई शुभ योगों के विशेष संयोग के साथ आ रहे हैं। पूरे साल चार नवरात्रि आती है जिनमें आश्विन और चैत्र मास की नवरात्रि सबसे ज्यादा समाज में प्रचलित है। कहा जाता है कि सतयुग में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध और प्रचलित चैत्र नवरात्रि थी, इसी दिन से युग का आरंभ भी माना जाता है इसलिए संवत का आरंभ में चैत्र नवरात्रि से ही होता है। इस बार नवरात्र में पांच दिन तक सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग रहेगा। यह योग किसी भी शुभ कार्य, पूजा, साधना और जप-तप के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि चैत्र नवरात्र के साथ ही हिंदू नववर्ष का भी आरंभ होता है। यह समय शक्ति साधना, आध्यात्मिक उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का विशेष अवसर होता है। नवरात्र के दौरान भक्त मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना करते हैं और घरों व मंदिरों में घट स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं।



### कलश स्थापना और शुभ मुहूर्त

19 मार्च को नवरात्र के पहले दिन घट स्थापना के लिए कई शुभ मुहूर्त रहेंगे। प्रातःकाल का पहला शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 12 मिनट से 8 बजकर 12 मिनट तक रहेगा। इसके अतिरिक्त दोपहर में अभिजीत मुहूर्त के दौरान 12 बजकर 4 मिनट से 1 बजकर 10 मिनट तक भी कलश स्थापना की जा सकती है। वहीं दिन में लाभ, अमृत और चर चौघड़िया का समय 11 बजकर 46 मिनट से 3 बजकर 36 मिनट तक रहेगा, जिसे भी शुभ माना गया है। इन मुहूर्तों में श्रद्धालु विधि-विधान से कलश स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा आरंभ कर सकते हैं।

### क्या संकेत देता है यह नवरात्र

नवरात्र में देवी अलग-अलग वाहन पर आती हैं, और उस वाहन के हिसाब से अगले छह महीने की स्थिति का अनुमान लगाया जाता है। इस बार मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आएंगी। देवी भागवत में पालकी में माता के आगमन का फल ढोलायां मरणं ध्रुवम् बताया गया है जो जन हानि रक्तपात होना बताता है अर्थात पालकी (डोली) पर माता का आगमन शुभता का संकेत नहीं है। माता का डोली पर आगमन सामाजिक-राजनीतिक उथल-पुथल व महामारी का परिचायक माना गया है।

# 50 लाख से बने भव्य शंख का होगा अनावरण

## 20 मार्च को पिहोवा पहुंचेंगे कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

धर्मनगरी पिहोवा के मुख्य चौक स्थित परशुराम चौक पर लगभग 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित भव्य शंख के अनावरण को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा 20 मार्च को मां सरस्वती की नगरी पिहोवा पहुंचेंगे। कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी की अध्यक्षता में गणमान्य नागरिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पंडित जय भगवान शर्मा ने कहा कि धर्मनगरी पिहोवा को पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाने तथा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिहोवा अत्यंत प्राचीन धार्मिक स्थल है, जिसका संबंध महाभारत काल से माना जाता है। इसी कारण देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। यहां स्थित प्राचीन ज्योति स्थल श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां वर्षभर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहता है।



पिहोवा। बैठक में मौजूद भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी व अन्य।

### सीएम का जताया आभार

पंडित जय भगवान शर्मा ने इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पिहोवा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर गति से हो रहे हैं, जिससे शहर की धार्मिक, सांस्कृतिक और आधारभूत संरचना मजबूत हो रही है। इसके अनावरण समारोह और चैत्र चौदस मेला शहर के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण साबित होने की पूरी संभावना है। इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि ,पार्षद जयपाल कौशिक, विक्की कौशिक, रिकी शर्मा, सुभाष शर्मा, मुकेश शर्मा अमेरिका, मनमोहन चक्रपाणि नौतन शर्मा, रोहित शर्मा आदि सैकड़ो ब्राह्मण मौजूद थे।

*तैयारियों को लेकर कुलगुरु की अध्यक्षता में हुई बैठक*

# दीक्षांत समारोह में करीब 2800 विद्यार्थियों को मिलेंगी डिग्रियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आगामी 35वें दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के डीन, अधिकारी तथा संबंधित शाखाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और समारोह से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय का 35वां दीक्षांत समारोह 4 अप्रैल, 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पीजी के करीब 1900, यूजी के 500 तथा आईआईएचएस के करीब 400 विद्यार्थियों सहित कुल 2800 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी, जबकि 80 शोधार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समारोह विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर होता है, जिसमें विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए डिग्रियां और पदक प्रदान किए जाते हैं। इसलिए समारोह को गरिमामय और सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीक्षांत समारोह से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। समारोह में आने वाले अतिथियों, विद्यार्थियों के लिए उचित बैठने की व्यवस्था की जाएं।





# फूड एंड सप्लाई विभाग की कार्रवाई दुकानों से 7 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**शाहाबाद :** घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए फूड एंड सप्लाई विभाग ने सोमवार को शहर में सख्त कार्रवाई की। एएफएसओ राजीव कुमार सैनी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने पुलिस के साथ मिलकर शाहाबाद के लाडवा रोड, लैंडमार्क चौक और सिविल अस्पताल रोड क्षेत्र में 20 से अधिक हलवाई, ढाबा, रेहड़ी व फास्ट फूड की दुकानों पर रेड की। इस दौरान टीम ने करीब 7 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। एएफएसओ राजीव कुमार सैनी ने दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। दुकानों पर केवल कमर्शियल गैस सिलेंडर का ही उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी दुकान पर घरेलू सिलेंडर का प्रयोग पाया गया तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। इसलिए लोग अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर की बुकिंग न करवाएं। विभाग लगातार गैस एजेंसियों से प्रतिदिन का डाटा ले रहा है ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और गैस की उपलब्धता बनी रहे। फूड एंड सप्लाई विभाग ने स्पष्ट किया कि घरेलू गैस का दुरुपयोग रोकने के लिए आगे भी समय-समय पर ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# परमात्मा तक पहुंचने के लिए भक्ति एकमात्र मार्ग : सिद्धार्थ औलिया

- ढेरा परिवार ,पिपली के घर में मां दुर्गा के संकीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरू मैत्री संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने वढेरा परिवार ,पिपली के घर में आयोजित मां दुर्गा के संकीर्तन में सुदेश वढेरा, लुकेश वढेरा, रीता वढेरा, राजेश वढेरा, नीतू वढेरा, बलविंदर जीत वढेरा, काजल वढेरा, दीपक वढेरा, सोनिया वढेरा, तुषार वढेरा, निखिल वढेरा, कनिष्क वढेरा, वंशिका वढेरा, हेमैन और वढेरा परिवार को आदरणीय समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा रचित दाम्पत्य प्रज्ञा पुस्तक भेंट की गई। इस शुभ अवसर पर आशा कवात्रा, सरोज शर्मा , सुमित्रा पाहवा, सुनीता , बिन्नी नय्यर, सुरेन्द्र कौर, रजनी और भक्त सुशील तलवाड़ आदि ने सभी भक्तों ने मां दुर्गा की और भगवान कृष्ण की भेंटे गाई और सुन्दर नृत्य किया। श्री दुर्गा देवी मंदिर पिपली के पुजारी पंडित राहुल मिश्रा ने वैदिक मंत्रों से मां दुर्गा की पूजा अर्चना और आरती करवाई। डॉ. मिश्रा ने सभी का जीवन मंगलमय हो उसके लिए मां दुर्गा और भगवान शिव का ध्यान और सामूहिक मंगल प्रार्थना की। हम सभी को प्रेम और भक्ति से भगवान और अपने सदगुरू का ध्यान करना चाहिए। माता-पिता, सास-ससुर और परिवार की सेवा करनी चाहिए । सभी आवश्यक कर्म करते हुए हम सभी को गृहस्थ जीवन में प्रेम से रहना चाहिए। ट्वीटर के माध्यम से आदरणीय समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने बताया कि परमात्मा तक पहुंचने के लिए भक्ति एकमात्र मार्ग है।



# कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के आबंटन के लिए 10 सदस्यीय कमेटी का गठन

**कुरुक्षेत्र।** राज्य सरकार के आदेशानुसार जिले में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई और अलोकेशन को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी के सदस्य सचिव जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक होंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जारी आदेशों में कहा कि हरियाणा सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आदेशानुसार कार्मिशियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई को सुचारू रूप से बनाए रखना है। इसके अलावा रोजाना औसतन 20 प्रतिशत एलोकेशन राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी द्वारा की जाएगी। इस कमेटी में उपायुक्त को चेयरमैन बनाया गया है। इसके अलावा एडीसी, जिला परिषद सीईओ, पुलिस अधीक्षक, सीएमओ, डीईओ, इंडियन ऑयल कॉपोरेशन के प्रतिनिधि, भारत पेट्रोलियम के प्रतिनिधि, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के सदस्य होंगे और डीएफएससी को सदस्य सचिव बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कमेटी के सदस्य कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आवश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल, शिक्षण संस्थान आदि शामिल है, में सुचारू रूप से सप्लाई और पर्याप्त मात्रा में सिलेण्डर पर नजर रखेंगे, कार्मिशियल एलपीजी सिलेंडर का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक और इमरजेंसी में आबंटन के लिए सही निर्णय का मूल्यांकन कमेटी के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शादी, विवाह खासकर बेटियों की शादी के लिए एलपीजी सिलेंडर जरूरत के अनुसार उपलब्ध करवाए जाएंगे, ऑयल मार्केटिंग कम्पनी के स्थानीय अधिकारियों से तालमेल बनाकर राज्य सरकार के लिए 20 प्रतिशत एलपीजी स्टॉक को आरक्षित रखेंगे।





### केयू के जनसंचार संस्थान में प्रिंटर्स डे पर पोस्टर का विमोचन, दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में 17-18 मार्च को आयोजित होने वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी फ्यूचरिस्टिक ट्रेंड्स इन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मधुदीप तथा अन्य सहायक प्राध्यापकों ने संगोष्ठी के पोस्टर का अनावरण किया। निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रिंटर्स डे के अवसर पर आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में बीएससी प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के विद्यार्थियों के साथ-साथ जनसंचार, मल्टीमीडिया, ग्राफिक्स एवं एनीमेशन के विद्यार्थी भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रिंटिंग प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली पेंटिंग, स्क्रीन प्रिंटिंग, सब्लिमेशन प्रिंटिंग, पैकेज डिजाइन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पोस्टर मेकिंग, डिजिटल एडवर्टाइजिंग तथा तकनीकी प्रेजेंटेशन जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रिंटर्स डे के अवसर पर प्रिंटिंग तकनीक के जनक जोहांस गुटेनबर्ग तथा प्रिंटिंग इंडस्ट्री की महान हस्तियों को याद किया जाएगा। उनके योगदान के कारण आज प्रिंटिंग उद्योग विश्व की प्रमुख उद्योगों में से एक बन चुका है और विभिन्न क्षेत्रों में मानव प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**खेल** | योगासन खेल-चुनौतियां एवं अवसर विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

# खिलाड़ियों ने योगासन का किया बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा योग आयोग एवं हरियाणा योगासन खेल संघ के संयुक्त तत्वावधान में गीता ज्ञान संस्थानम् में योगासन खेल - चुनौतियां एवं अवसर विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी कैलाश सैनी, विशिष्ट अतिथि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, वर्ल्ड योगासन और योगासन भारत के महासचिव एवं हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य, योगासन भारत के कोषाध्यक्ष रचित कौशिक, ईसी सदस्य विकास गोस्वामी, हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार, हरियाणा योगासन खेल संघ के सचिव डॉ युद्धवीर सहित उपस्थित गणमान्य महानुभावों ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन के दूसरे दिन का शुभारंभ किया।




कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि कैलाश सैनी को सम्मानित करते आयोजक गण।

### सुंदर हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर मोहा सबका मन

वंदे मातरम गान के पश्चात डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से हरियाणा योग आयोग एवं हरियाणा योगासन खेल संघ की उपलब्धियों को दशार्या गया। राष्ट्रीय स्तर के योगासन खिलाड़ियों ने कलात्मक योगासन खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। शिविर प्रतिभागी ने सुंदर हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार डॉ राजकुमार ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। सभी अतिथियों को आयोजकों की ओर से अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान के मुख्य योगासन कोच डॉ सीके मिश्रा, योगासन भारत के कोषाध्यक्ष रचित कौशिक, उपाध्यक्ष राकेश कुमार शास्त्री एवं तकनीकी कमेटी के सदस्य वारंट ऑफिसर अभिजीत बोस एवं जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने योगासन खेल-चुनौतियां एवं अवसर विषय पर चर्चा की तथा शिविर प्रतिभागियों के प्रश्नों व जिज्ञासाओं का समाधान किया। विशिष्ट अतिथि उपेंद्र सिंघल ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र में ब्रह्माजी ने अष्टांग धर्म की स्थापना की थी। कुरुक्षेत्र में ही भगवान श्री कृष्ण के श्रीमुख से गीता का दिव्य सन्देश मुखरित हुआ। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी कैलाश सैनी ने कहा कि हरियाणा योग आयोग एवं हरियाणा योगासन खेल संघ डॉ जयदीप आर्य के नेतृत्व में योगासन खेल के विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### रिहायशी भवन से गहने व दो लाख की नकदी चोरी

**अंबाला।** देवी नगर में शादी समारोह में गए एक परिवार के बंद मकान में चोरी हो गई। शादी के बाद परिवार घर लौटा तो सोने और चांदी के आभूषण व दो लाख रुपये गायब थे। बलदेव नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित देवी नगर के राजिंद्र कुमार ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। वह परिवार के साथ शादी समारोह में गए थे। 14 मार्च की सुबह वापस लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा खुला था। सारा सामान बिखरा व अलमारी के ताले टूटे थे।

### माता बाला सुंदरी मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**मुलाना।** सिंबला गांव के पास से दो किलो विस्फोटक के साथ तीन आरोपी पकड़े गए थे। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि उन्होंने माता बाला सुंदरी मंदिर मुलाना की रेकी की थी। इससे मंदिर कमेटी चिंतित है। इस मुद्दे को लेकर कमेटी सदस्यों की बैठक बुलाई गई। बैठक में नवरात्र मेले में मंदिर की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने पर विचार किया गया। पूर्व सरपंच नरेश चौहान ने बताया कि एसपी अजीत शेखावत से मंदिर कमेटी सदस्य जल्द मुलाकात कर मंदिर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए लिखित मांग पत्र सौंपेंगे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**अंबाला।** राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन हरियाणा सरकार के अंतर्गत प्याज एवं लहसुन की उन्नतशील प्रजातियां, उत्पादन तकनीकी एवं कटाई उपरांत प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत कृषि विज्ञान केंद्र, तेपला में की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जसविंदर सिंह, उपनिदेशक कृषि, एवं डॉ. उपासना सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर एवं हेड विशेष रूप से पहुंचे।

### सात गांवों में खरीदी जाएगी जमीन

**अंबाला।** अंबाला शहर के साथ लगते गांव पट्टी शेखां, सिंघावाला, नसीरपुर, कांवला, मटेडी जट्टान सौंडा, व उगाड़ा में हरियाणा सरकार द्वारा ई-भूमि पोर्टल के द्वारा जमीन की खरीद की जाएगी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के स्टेट ऑफिसर एवं एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार की अध्यक्षता में पंचायत भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न गांवों के किसान मौजूद रहें।

### ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने लाखों रूपये की ठगी करने के मामले में अकाउंट होल्डर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रमजान वासी बुलंदशहर यूपी के रूप में हुई है। आरोपी के खाते में साइबर ठगी के पैसे ट्रांसफर हुए थे। 4 जनवरी 2025 को सुखजिंद्र सिंह की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसके पास एक फाइल भेजी और उसका मोबाइल हैक करके उसके खाते से लगभग 4 लाख रूपये तो ठगे ही साथ ही उसके नाम पर बैंक से 5 लाख का लोन भी करवा लिया।

# लघु सचिवालय के खंडहर हो चुके भवन का होगा निर्माण मिलेगी राहत



**विभाग ने 34.57 करोड़ रुपये के नए टेंडर आमंत्रित 18 को खुलेगा टेंडर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित लघु सचिवालय परिसर के अधूरे पड़े प्रशासनिक ब्लॉक के काम को पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने तैयारी कर ली है। पिछली निविदा में एक ठेकेदार के हिस्सा लेने के कारण कार्य आदेश जारी नहीं किए थे। इसके बाद दोबारा निविदा जारी करके एजेंसियों से जानकारी मांगी गई थी। अब यह निविदा 18 मार्च को खोली जाएगी। इसके आधार पर ही एजेंसी का निर्धारण होगा। कार्य आदेश जारी होने के बाद एजेंसी को श्ेड्यूल भी दिया जाएगा ताकि समय पर काम पूरा हो सके। लंबे से समय से विभाग और निर्माण एजेंसी के बीच छिड़े कानूनी विवाद के चलते करीब 26.83 करोड़ रुपये का यह प्रोजेक्ट खंडहर में तब्दील होता जा रहा था। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद केवल 40 फीसदी काम ही पूरा हो पाया था। दस्तावेजों के अनुसार, निर्माण का जिम्मा जींद की फर्म मेसर्स गर्ग एंड कंपनी को दिया गया था लेकिन काम की कछुआ चाल और आपसी विवाद के बाद मामला हाईकोर्ट और फिर आर्बिट्रेशन सेंटर पहुंचा। विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए 19 नवंबर 2024 को एजेंसी के साथ हुआ करार रद्द कर दिया था। अब यह मामला चंडीगढ़ सेशन कोर्ट में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 24 अप्रैल 2026 को होनी तय है।

**अब तक 23.99 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके**

विभाग ने संबंधित एजेंसी को 10,15,82,466 रुपये की रिकवरी का नोटिस भी थमा दिया है। विभाग का दावा है कि एजेंसी पर यह राशि बकाया है जिसे वसूलने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी गई है। शुरुआत में इस प्रोजेक्ट की प्रशासनिक मंजूरी करीब 78.94 करोड़ रुपये की थी, जिसमें से अब तक 23.99 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। बचे हुए काम के लिए विभाग ने 41.23 करोड़ रुपये का नया तकनीकी अनुमान तैयार किया था और इसके आधार पर नई निविदा भी जारी की थी। छह मंजिला इस इमारत में शहर के महत्वपूर्ण कार्यालय शिफ्ट होंगे। इसकी बेसमेंट में पार्किंग की सुविधा मिलेगी। इसके ग्राउंड फ्लोर पर एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय होंगे। इसी प्रकार प्रथम तल पर डीसी कार्यालय और कॉन्फ्रेंस हॉल, दूसरे फ्लोर पर एडीसी कार्यालय व पब्लिक कैंटीन, तीसरे फ्लोर पर एसपी कार्यालय और चौथे तल पर पुलिस विभाग के सभी कार्यालय होंगे। कार्यकारी अभियंता रितेश ने बताया कि अधूरे काम को पूरा करने के लिए विभाग ने 34.57 करोड़ रुपये के नए टेंडर आमंत्रित किए हैं। आगामी 18 मार्च को ये टेंडर प्राप्त किए जाएंगे।

## जनगणना को लेकर अधिकारियों की ओर से किए जा रहे कार्य की निदेशक ने की समीक्षा

# देश में एक साथ होगी जनगणना घरों के साथ जनसंख्या की भी होगी गणना

**देशभर में जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई तक चलाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्र सरकार के जनगणना विभाग के निदेशक डॉ. ललित जैन ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में जनगणना से संबंधित किए जा रहें कार्यो एवं गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग व जनगणना विभाग के जिला समन्वय अधिकारी विकास बजाज, अतिरिक्त निदेशक चचंल राजावत भी मौजूद रहे। निदेशक डॉ ललित जैन ने इस मौके पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनगणना के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस पूरे कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए जिन जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है वे इस कार्य को पूरी पारदर्शिता के साथ करना सुनिश्चित करें ताकि भविष्य मे केंद्र व राज्य सरकारों की जो भी योजनाएं बनाई जाए उसमें सुगमता हो सकें। लोगों को इन योजनाओं का लाभ भी और बेहतर तरीके से मिल सकें। उन्होनें बताया कि इस बार पूरे देश के साथ-साथ एक साथ जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई तक चलेगा और इस बार की जनगणना मोबाइल ऐप के माध्यम से की जाएगी। कार्य के तहत सभी आंकड़ों स्निंक होते रहेंगे। जनगणना कार्य के निष्पादन एवं संचालन में अधिसूचित सभी अधिकारियों का सीएमएसएस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया हैं।



**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद जनगणना व प्रशासनिक अधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने भी निदेशक जनगणना को आवश्स्त किया कि जिला में जनगणना से जुड़ी टीम बेहतर कार्य करते हुए इसे समयबद्ध तरीके से करवाना सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने नगर निगम व नगर परिषद् के अधिकारियों को कहा कि इस कार्य के लिए वे वार्ड वाइज शिविर लगाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर डीआरओ राजेश ख्यालिया, ईओ नगर परिषद् देवेंद्र नरवाल, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभ्रवाल, तहसीलदार अदित्या रंगा भी मौजूद रहे।

**जनगणना कार्य के सफल संचालन के लिए जागरूकता, प्रशिक्षण व जनसहयोग पर जोर**

जैन ने इस मौके पर यह भी बताया कि भारत सरकार के जनगणना विभाग द्वारा जहां जनगणना का कार्य किया जाता है वहीं जन्म और मृत्यु दर का जो आंकड़ा होता है उसे तैयार करने के साथ-साथ बाहर से जो नागरिक आता है उसे नागरिकता देने का काम किया जाता हैं। उन्होंने बताया कि पूरे देश में एक साथ जनगणना का कार्य होगा, जिसमें दो चरणों में कार्य होगा, जिसमें प्रथम चरण में घरों की गणना व दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य के लिए जो हिदायतें एवं नियम है उसकी पालना करते हुए कार्य को पूरा करना हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना से जुड़े कार्य के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि कार्य से जुड़ी कोई भी सवाल हो तो उसका हल करते हुए कार्य को पूरा करें। इस कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेनर तथा मास्टर ट्रेनर काम कर रहे हैं और जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनर इस कार्य को करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले ने इस कार्य के तहत अभी तक बेहतर प्रदर्शन किया है। इस कार्य की ड्यूटी से जुड़े अधिकारी व अन्य का इस कार्य में अहम योगदान होगा। उन्होंने इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी को भी कहा कि जनगणना के कार्य के तहत वे व्यापक प्रचार प्रसार जारी रखे ताकि आमजन को जनगणना के कार्य की सम्पूर्ण जानकारी मिल सकें और जब भी जनगणना से जुड़े अधिकारी या कर्मचारी इस कार्य के लिए उनके पास जाते है तो वे इस कार्य को करने में अपना सहयोग देकर कार्य को बेहतर तरीके से संपन्न करवा सकें। उन्होनें जिला शिक्षा अधिकारी को यह भी कहा कि वह स्कूलों में भी इस कार्य बारे विद्यार्थियों को जागरूक करवाएं, जिसमें कोई प्रतियोगिता या अन्य गतिविधियां शामिल हो। मकसद जनगणना बारे ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक हो और वे इस कार्य को करवाने हेतू वे अपना अहम योगदान दें सके।

## भैंस चोरी के दौरान बुजुर्ग की हत्या करने वालों का नहीं लगा सुराग

- पंजाब के कई इलाकों में रेड कर रही है पुलिस, वारदात से पहले आरोपियों ने चोरी के कैंटर का बदला था रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

कालपी गांव में भैंस चोरी का विरोध करने पर जय दयाल की हत्या और एक बुजुर्ग को घायल करने की वारदात के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ मुख्य आरोपियों तक नहीं पहुंचे हैं। जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि चोरों ने वारदात के दौरान जिस कैंटर का इस्तेमाल किया था, उसका रंग चोरी करने से पहले ही बदल दिया गया था। पुलिस अब आरोपियों की धरपकड़ के लिए पंजाब के कुछ इलाकों में दबिश दे रही है।

भैंस चोर गिरोह बेहद शातिर है। उन्होंने भागते समय जिस कैंटर को गांव में ही छोड़ दिया था, छानबीन में पता चला कि अपराधियों ने उसे नारायणगढ़ से दो माह पहले चोरी किया था। इस्तेमाल करने से पहले पेंट बदल लिया था ताकि पुलिस उसकी पहचान न कर सके। पुलिस अब अलग-अलग शहरों में भैंस चोरी की वारदातों का पता लगा रही है कि कहीं कैंटर में भैंस चोरी हुई है ताकि उस वारदात से कोई सुराग मिल सके। बता दें कि कालपी गांव में 12 मार्च की रात को भैंस चुराने के लिए 3 से 4 नकाबपोश बदमाशों ने डंडे व गंडासी से पहले एक पशुपालक जय दयाल की हत्या कर उसकी दो भैंसे चुरा ली। दूसरे बाड़े में चोरी करते पकड़े जाने पर बुजुर्ग राम रत्न पर एक के बाद एक 10 वार कर भाग गए। जैसे ही आरोपी कैंटर में दो भैंसे लेकर भाग रहे थे तो उनका कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश कैंटर छोड़कर फरार हो गए थे।

## दसवीं की परीक्षा देने के बाद किशोरी लापता, पुलिस ने दर्ज किया केस

*अंबाला। गांव रामपुर सरसेहड़ी से एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं दे चुकी यह किशोरी 13 मार्च को अचानक घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। पुलिस को दी शिकायत में व्यक्ति ने बताया कि बेटी के लापता होने के बाद परिजनों ने अपने स्तर पर दो दिनों तक सभी रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने महेश नगर थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। शिकायतकर्ता पिता ने बताया कि उनकी चार संतानों में यह दूसरे नंबर की बेटी है, जो अचानक लापता हो गई। लापता होने के समय किशोरी ने काले रंग की टी-शर्ट, सुरमई (ग्रे) रंग का लोअर और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई थी। उसका रंग गोरा बताया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए महेश नगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीमें अब आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही हैं और किशोरी के दोस्तों व जानकारों से पूछताछ कर सुराग जुटाने का प्रयास कर रही हैं।*

## विज के जन्मदिन पर मिले फूलों के गुलदस्तों से महकेंगे घर



**अंबाला।** मंत्री को जन्मदिन पर मिले गुलदस्ते ले जाते कर्मचारी।

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के 15 मार्च को जन्मदिन के अवसर पर उन्हें हजारों लोगों द्वारा भेंट किए गए फूलों के गुलदस्तों का सार्थक उपयोग करते हुए उनकी सुगंधित अगरबत्ती बनाई जाएगी जोकि लोगों के घरों में महकेगी। सोमवार सुबह एसडी विद्या स्कूल से कर्मियों के सुपुर्द सभी गुलदस्ते किए गए जिनकी अगरबत्ती बनाई जाएगी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि कल उनके जन्मदिन पर बहुत बड़ी संख्या में लोग झूमते, नाचते, गाते व ढोल बजाते हुए उन्हें जन्मदिन की मुबारकबाद देने आए थे।



## पंजाब विवि में पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार

**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, चंडीगढ़ के सहयोग से "युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी एवं पर्यावरण नैतिकता को बढ़ावा" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार-कम-वर्कशॉप का आयोजन राजीव गांधी कॉलेज भवन ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'जलांजलि' कार्यक्रम से हुई, जो पर्यावरण संरक्षण को समर्पित था तथा पंजाब के प्रसिद्ध पर्यावरण प्रेमी और समाजसेवी भगत पूरन सिंह की स्मृति को समर्पित रहा। इसके बाद पर्यावरण गीत के माध्यम से युवाओं और उपस्थित जनसमूह को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। पंजाब यूनिवर्सिटी की आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि प्रो. हरमोहीन्दर सिंह बेदी (कुलपति, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश), श्रीमती प्रोफेसर गुरनाम बेदी, श्री परवीन कुमार (संयोजक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, पंजाब), प्रोफेसर राकेश शारदा, प्रोफेसर तोमर, प्रोफेसर नमिता, तथा अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

## सब्जी एवं फल मंडी का चेयरमैन ने किया दौरा

*बिगड़ी सफाई व्यवस्था दिखे नाखुश, कैंटीन, बूथ और बाथरूम निर्माण के स्थान किए तय*

- मंडी में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर मार्केट कमेटी बोर्ड के चेयरमैन जसविंदर सिंह ने सोमवार काके सब्जी एवं फल मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी की।

बैठक के दौरान मंडी में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। चेयरमैन जसविंदर सिंह ने मंडी में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मंडी परिसर में गंदगी देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को कड़े शब्दों में सफाई व्यवस्था तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मंडी में बनने वाली कैंटीन, बाथरूम और बूथ के लिए उपयुक्त स्थान भी निर्धारित किए गए, ताकि व्यापारियों और मंडी में आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। चेयरमैन जसविंदर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से अंबाला की मंडी में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।



**अंबाला।** मंडी का मुआयना करते चेयरमैन।

## अवैध कॉलोनी में निर्माण किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया के गांव आनंदपुर जलबेड़ा, में लगभग 2 एकड़ लगभग में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस कार्रवाईर क दौरान अवैध कॉलोनी में बनी हुई कच्ची सडक़ को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र, एसएचओ इंफोर्समेंट भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि भूमालिक व प्रोपट्री डीलर ऐसी कॉलोनियों के रेगूलर होने का झांसा देकर धोखे से लोगों को प्लाट बेच रहे हैं। यह पूरी तरह से गैरकानूनी है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे इस प्रकार से किसी भी झांसे में न आएं। उन्होंन इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया तथा बताया कि ऐसी कॉलोनियों में अवैध निर्माण करना पूरी तरह से गैरकानूनी है।



**अंबाला।** अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी।

## एसए जैन स्कूल के नन्हें छात्रों ने शिक्षा से ब्रेक लेकर पार्क में बिताया दिन

# हर्बल पार्क में पिकनिक के दौरान नन्हें छात्रों ने की मस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर क एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के नर्सरी विंग ने सोमवार को हर्बल पार्क में अपने छात्रों के लिए एक शानदार पिकनिक का आयोजन किया। इस यात्रा की योजना बहुत सोच-समझकर बनाई गई थी, ताकि नन्हे-मुन्नों को उनकी रोज़मर्रा की दिनचर्या से एक ताज़गी भरा ब्रेक मिल सके और वे प्रकृति की शांति और सुंदरता का अनुभव कर सकें। छोटे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ हरे-भरे वातावरण को घूमा और प्रकृति का बारीकी से अवलोकन करके तथा उसके साथ घुल-मिलकर अनुभव-आधारित शिक्षा प्राप्त की। यह सैर ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ मनोरंजक भी साबित हुई; इसने बच्चों में जिज्ञासा जगाई और उन्हें बाहरी दुनिया की सुंदरता की सराहना करना सिखाया। यह अवसर तब और भी यादगार बन गया, जब छात्रों ने पार्क में अपनी 'बाय-बाय पार्टी' (विदाई समारोह) मनाई।



**अंबाला।** पिकनिक के दौरान नन्हे छात्रों के साथ शिक्षिकाएं।

**छात्रों ने बनाई मीठी यादें**

वातावरण बच्चों की हंसी, उत्साह और आपसी मेलजोल से गूंज उठा; बच्चों ने अपने साथियों के साथ मिलकर खूब मस्ती की और कई प्यारी यादें बनाईं। छात्रों के बीच नाश्ता भी बांटा गया, जिसका उन्होंने अपने दोस्तों के साथ खुशी के पल सांझा करते हुए खूब आनंद लिया। बच्चों की खिलखिलाती मुस्कान और आंखों में झलकते उत्साह ने सचमुच इस दिन को बेहद खास और अविस्मरणीय बना दिया। प्रबंध समिति के सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन, प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत के साथ मिलकर इस पहल की सराहना की।